प्रत्येक जिले में न्यूनतम 20 सहकारी समितियां शुरू करें नर्सरी : मंजू राजपाल

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 एवं 'सहकार से समृद्धि' की समीक्षा बैठक

जयपुर। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सहकारी समितियों की समयबद्ध रूप से ऑडिट करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऑडिट योग्य जिन सहकारी समितियों द्वारा बार-बार प्रयासों के बाद भी ऑडिट नहीं करवाई जा रही है, उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजपाल शुक्रवार को नेहरू सहकार भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 एवं 'सहकार से समृद्धि' अभियान की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा निष्क्रिय पैक्स के चिह्नीकरण एवं अवसायन के संबंध में 30 जून की समय सीमा निर्धारित की हुई है। इस संबंध में निर्देशों की पालना करते हुए तथा भारत सरकार की एसओपी के अनुरूप समयबद्ध रूप से कार्यवाही की जाए। इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

- 'ऑडिट नहीं करवाने वाली सहकारी समितियों के विरूद्ध करें कार्यवाही'
- 'निष्क्रिय समितियों का एसओपी के अनुरूप समयबद्ध रूप से हो अवसायन'

प्रमुख शासन सचिव ने निर्देश दिए कि नई पैक्स के गठन के बाद उनकी कार्यकारिणी के गठन, सुदृढ़ीकरण एवं अल्पकालीन ऋण सुविधा शुरू करने आदि पर विशेष रूप से फोकस किया जाए। इस संबंध में शीघ्र ही एक फॉर्मेट बनाकर साझा किया जाएगा, जिसमें समिति के कार्यकलापों से संबंधित जानकारी भरकर भिजवानी होगी। उन्होंने कहा कि सभी समितियां कम से कम 3 नई गतिविधियां शुरू करें, इसके लिए अधिकारी पूरे मनोयोग से प्रयास करें। जिन पैक्स के पास जमीन उपलब्ध है, उनके द्वारा मनरेगा के अंतर्गत नर्सरी खोलने की कार्यवाही की जा सकती है। प्रत्येक जिले में न्यूनतम 20 सहकारी समितियों द्वारा नर्सरी शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसे प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से प्रयास किए जाएं।

राजपाल ने कहा कि पैक्स की संख्या, कॉमन सर्विस सेंटर, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र एवं जन औषधि केन्द्र आदि के संबंध में एनसीडी पोर्टल और अन्य संबंधित पोर्टल्स पर एक समान डाटा प्रदर्शित होना चाहिए। इस संबंध में जो गैप हैं, उन्हें एक सप्ताह में दुरूस्त किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई समितियां एक्सपोर्ट, बीज उत्पादन एवं जैविक कृषि के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर सकती हैं। अत: अधिकाधिक समितियों को इस संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर गठित की गई सहकारी समितियों की सदस्यता दिलवाई जाए। बैठक में भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड के प्रमुख-सहकारी सेवाएं श्री जे.पी. सिंह ने उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए राज्य के प्रयासों की सराहना की।

प्रमुख शासन सचिव ने बैठक में बजट घोषणाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा कि शेष रही ग्राम पंचायतों में पैक्स का गठन प्राथमिकता से किया जाना है।

राज्य सरकार ने इसके लिए दो वर्ष की समय अवधि निर्धारित की है, लेकिन इससे पूर्व ही इस लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने जमीन उपलब्धता वाली समितियों में गोदाम निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजे जाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जबकि, सभी अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खण्ड) एवं जिला उप रजिस्ट्रार वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

देवनानी की महाराष्ट्र के राज्यपाल और मंत्रियों से मुलाकात

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात कर पुष्प गुच्छ, विधान सभा में एक वर्ष नवाचारों का पुस्तक, राजस्थान विधान सभा की डायरी, कैलेण्डर व राजस्थान विधान सभा का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने राधाकृष्णन को पुष्प गुच्छ, विधान सभा में एक वर्ष नवाचारों का पुस्तक, राजस्थान विधान सभा की डायरी, कैलेण्डर व राजस्थान विधान सभा का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

- देवनानी ने राज्यपाल को एक वर्ष नवाचारों का पुस्तक, विधान सभा डायरी, स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ भेंट किया

राज्यपाल राधाकृष्णन ने भारतीय नववर्ष के अनुसार प्रकाशित की गई डायरी प्रकाशन की अभूतपूर्व पहल के लिये देवनानी को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय नववर्ष के अनुसार डायरी का प्रकाशन से नई पीढ़ी के लोगों को विक्रम संवत और तिथियों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। देवनानी ने मुंबई में महाराष्ट्र के सूचना एवं प्रोद्योगिकी मंत्री आशीष शैलार और कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा से शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने शैलार और लोढ़ा को पुष्प गुच्छ, राजस्थान विधान सभा में एक वर्ष नवाचारों का पुस्तक, राजस्थान विधान सभा की डायरी, कैलेण्डर व राजस्थान विधान सभा का स्मृति चिन्ह भेंट किया। देवनानी से मंत्रीगण ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। लोढ़ा मूलत: राजस्थान के जोधपुर जिले के निवासी है। देवनानी की लोढ़ा से राजस्थान और जोधपुर के संदर्भ में भी बातचीत हुई।

ट्रांसफॉर्मर कंपनी में युवक की करंट से मौत

जयपुर। विश्वकर्मा थाना इलाके में एक ट्रांसफार्मर कम्पनी में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मौत के बाद बड़ी संख्या में लोग थाने के बाहर जमा हो गए और मुआवजे की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीकर निवासी 35 वर्षीय रणजीत सिंह शेखावत एक ट्रांसफार्मर निर्माण करने वाली कम्पनी में काम करता था निर्माण करने के दौरान गुरुवार शाम को रणजीत को करंट लग गया। इससे वह बुरी तरह से झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद शुक्रवार सुबह परिजन थाने पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक और परिजनों का समझौता करवा दिया। समझौते के बाद परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया।

पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के बाद कट्टे में छिपाई लाश

घर जाकर बच्चों के पास सोया, पति गिरफ्तार

जयपुर। विश्वकर्मा थाना इलाके में युवक ने अपनी ही पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर उसकी लाश को प्लास्टिक के कट्टे में बांधकर कबाड़ गोदाम में छिपा दिया। पत्नी की हत्या के बाद घर पर बच्चों के साथ जाकर सो गया। पुलिस ने लाश मिलने पर एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में पति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गृहक्लेश के चलते झगड़ा होने पर पत्नी की गला घोंटकर हत्या करना सामने आया है।

पुलिस के अनुसार विश्वकर्मा के बढारणा गांव में कबाड़ गोदाम में फरीन कुरैशी (27) की लाश अर्धनग्न हालत में मिली है। वह पति मोहम्मद अकील कुरैशी (36) और दो बच्चों के साथ हरिजन बस्ती भट्टाबस्ती में रहती थी। पिछले करीब डेढ़ साल से उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी पति मोहम्मद अकील कुरैशी बढ़ारणा गांव में कबाड़ गोदाम पर काम कर रहा था। हत्या की प्लानिंग के तहत गुरुवार सुबह करीब 10 बजे कबाड़ गोदाम पर अकील अपनी पत्नी फरीन को लेकर पहुंचा। पुलिया के नीचे सुनसान जगह पर बने गोदाम के पास पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी।

फरीन को मारने के बाद अर्धनग्न हालत में शव को प्लास्टिक के कट्टे में डालकर ऊपर से सील दिया। जिसके बाद दूसरे कट्टे में लाश को बांधकर कबाड़ गोदाम के पिछले हिस्से में करीब 30 मीटर अंदर ले गया। वहां पड़े प्लास्टिक के कट्टों के बीच गड्ढे में लाश को डालकर छिपा दिया। देर शाम अकील घर जाकर अपने दोनों बच्चों के साथ सो गया। अकील ने अपने दोस्त को पत्नी फरीन की हत्या की बात बताई थी। कहा था कि वह पुलिस में सरेंडर करना चाहता है। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे पुलिस को कबाड़ गोदाम में लाश होने का पता चला। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर फरीन की लाश को अर्धनग्न हालत में बरामद किया। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने तुरंत पति को राउंडअप किया। पूछताछ में पति ने गृहक्लेश के चलते पत्नी फरीन की हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया।

पूछताछ में आरोपी अकील कुरैशी ने गृहक्लेश के चलते परेशान होने पर हत्या का कदम उठाना बताया है। रोज-रोज के झगड़े से परेशान होकर प्लानिंग के तहत गुरुवार सुबह पत्नी को अपने साथ वहां लेकर गया था।

गला घोंटकर हत्या के बाद शव को प्लास्टिक कट्टे में डाला। बुर्खा व कपड़ों की बजह से लाश प्लास्टिक कट्टे में नहीं आ रही थी। इसके चलते उसने लाश के पहने कपड़े उतारे और अर्धनग्न हालत में कट्टे में डालकर सील दिया। पत्नी की हत्या करने के बाद वह रात भर बैचेन रहा।

ज्वैलरी शोरूम से डेढ़ लाख की कीमत के वेवर के 9 कार्टन चोरी

जयपुर। गांधी नगर थाना इलाके में ज्वैलरी शोरूम से चोर 9 कार्टन वेवर के चोरी कर ले गए। इनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार यूनिवरसिटी मार्ग निवासी जितिन मोहने ने मामला दर्ज करवाया कि कल्याण ज्वैलर्स के शोरूम के तीसरे और चौथे फ्लोर से चोर 9 कार्टन वेवर चोरी कर ले गए। इनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। घटना 29 अप्रेल की बताई जा रही है।

सार-समाचार

राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स में सुनील भार्गव हुए उपाध्यक्ष निर्वाचित

जयपुर। भाजपा वरिष्ठ नेता एवं एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव को राजस्थान ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की साधारण सभा की बैठक में प्रबंधन कमेटी ने उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया है। भार्गव के निर्वाचन राजस्थान चैंबर की नई कार्यकारिणी में 2024-2027 तक के लिए किया गया है। गौरतलब है कि सुनील भार्गव अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून सलाहकार, नीति निर्माता, स्वतंत्र लेखक, औजस्वी वक्ता के रूप में समाज को सेवाएं दे रहे है। भार्गव को उनकी प्रतिभा के चलते विभिन्न मंचों पर सम्मानित भी किया जा चुका है। इनमें प्रमुख रूप से सवाई राजा दुला राय अवॉर्ड 2006, इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी अवॉर्ड 2005, राजस्थान गौरव 2005 जैसे प्रमुख सम्मान शामिल है। भार्गव के निर्वाचन से राजस्थान चैंबर को लाभ मिलेगा।

भक्तिभाव से मनाया भगवान अभिनन्दन स्वामी का गर्भ कल्याणक

जयपुर। जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन स्वामी का गर्भ कल्याणक एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव शुक्रवार को भक्तिभाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगंबर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। सुबह अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान गर्भ कल्याणक श्लोक एवं मोक्ष कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए निर्वाण लाडू एवं अघ्र्य चढ़ाया गया। नारायण सिंह सर्किल स्थित दिगम्बर जैन मंदिर भट्टारक जी की नसिया, आगरा रोड पर श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज तथा सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर में विशेष आयोजन हुए। जनकपुरी के श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, एसएफएस के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, तारों की कूंट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, दुर्गापुरा के श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभजी, मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भगवान अभिनन्दन स्वामी का गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

गोविंद देवजी मंदिर में सत्संकल्प-2025 कल

जयपुर। व्यक्ति, परिवार और समाज के नैतिक उत्थान के लिए जीवन के आदर्श मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देने के लिए 4 मई को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में सुबह आठ से दस बजे तक सत्संकल्प-2025 का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत भारतीय संविधान और नव युग के संविधान का पूजन किया जाएगा। इसके बाद सभी उपस्थित श्रद्धालु नव युग के संविधान का सामूहिक रूप से पाठ करेंगे। गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने नव युग के संविधान का लेखन किया है। अब हर इसे व्यक्ति तक पहुंचाने की योजना बनाई जा रही है। इसे फोल्डर में तैयार कराया गया है। यह फोल्डर सभी लोगों को निशुल्क वितरित किया जाएगा। नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में इस अभियान का श्रीगणेश किया जाएगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की थी।

जयपुर शहर में शोभायात्रा के दौरान शनिवार को किया गया यातायात में बदलाव

जयपुर। राजधानी जयपुर में शनिवार की शाम को भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली जा रही है। यह शोभायात्रा शाम साढे छह बजे जलेब चौक से रवाना होकर हवामहल बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, न्यू गेट, चौडा रास्ता, त्रिपोलिया गेट, त्रिपोलिया बाजार से छोटी चौपड़ पंहुचकर विसर्जित होगी। इस शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था की गई है।

जयपुर यातायात पुलिस के अनुसार शोभायात्रा के मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी। शाम चार बजे से सांगानेरी गेट, घाट गेट चौराहा, धोबी घाट, रामगढ मोड, संजय सर्किल से मिनी/सिटी बसों का संचालन परकोटा क्षेत्र में निषेध रहेंगा।

शोभायात्रा के मार्ग पर शाम चार बजे से हवामहल बाजार, जौहरी बाजार, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, गणगौरी बाजार में सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी।

शोभायात्रा के बांदरवाल गेट पर पहुंचने से पूर्व सुभाष चौक से बडी चौपड की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को सुभाष चौक से चार दरवाजा की तरफ एवं बडी चौपड से सुभाष चौक की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को बड़ी चौपड़ से रामगंज चौपड़ एवं त्रिपोलिया की तरफ डायवर्ट किया जायेगा।

शोभायात्रा के बडी चौपड़ पर पहुंचने से पूर्व रामगंज चौपड़, सांगानेरी गेट एवं त्रिपोलिया की तरफ से बडी चौपड की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो से संचालित किया जायेगा।

बापू बाजार में प्रवेश से पूर्व न्यू गेट से बापू बाजार की तरफ ट्रैफिक नहीं जाने दिया जायेगा।

इसी प्रकार शोभायात्रा का अगला हिस्सा न्यू-गेट पहुंचने से पूर्व रामनिवास बाग चौराहा, नेहरू बाजार व त्रिपोलिया टी पॉइंट से किसी भी प्रकार का ट्रैफिक चौड़ा रास्ता नहीं आ सकेगा।

शोभायात्रा के त्रिपोलिया गेट पहुँचने से पूर्व बड़ी चौपड़ से त्रिपोलिया व छोटी चौपड़ से त्रिपोलिया टी-पॉइंट की तरफ किसी भी प्रकार का ट्रैफिक त्रिपोलिया बाजार में नहीं आ सकेगा।

होटल में जुआ खेलते पांच युवक गिरफ्तार

जयपुर। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने होटल में जुआ खेलते मिले 5 युवकों को गिरफ्तार किया है। कमरे में रुपयों का दाव लगाते मिले पांचों आरोपी शौक-मौज के लिए जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 55 हजार रुपए जुआ रकम बरामद की है।

पुलिस के अनुसार जुआ खेलते आरोपी किशोर कुमार (40) व नरेन्द्र कुमार (32) निवासी शंकर नगर ब्रह्मपुरी, बादल सिंह (36) निवासी बारियो की बाग सुभाष चौक, पंकज कुमार (32) निवासी शिव शक्ति कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर और धीरज कुमार (32) निवासी गोविन्द नगर ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया है। गुरुवार रात करीब 8 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ब्रह्मपुरी इलाके में स्थित होटल रासमहल के रुम में कुछ लड़के ताशपत्ती से रुपयों का दाव लगा रहे हैं।

पुलिस टीम के होटल रुम में दबिश देने पर पांचों आरोपी जुआ खेलते मिले। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 55 हजार 300 रुपए जुआ रकम बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने नशे और शौक-मौज के लिए जुआ खेलना स्वीकार किया।

चार धाम यात्रा के नाम पर हो रही साइबर धोखाधड़ी

राजस्थान पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

जयपुर। चार धाम यात्रा के नाम पर धोखाधड़ी और ठगी की खबरें सामने आ रही है। फर्जी वेबसाइट और ऑनलाइन बुकिंग, फर्जी ट्रैवल एजेंसियों का एजेंट, हेलीकॉप्टर बुकिंग, आकर्षक ऑफर देकर कुछ असामाजिक तत्व श्रद्धालुओं की श्रद्धा का फायदा उठाकर उन्हें ठगने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस मुख्यालय की साइबर शाखा द्वारा इस संबंध में आमजन को सलाह दी है कि अधिकृत एजेंट ओर वेबसाइट से ही बुकिंग करवाये, सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने वाले लुभावने विज्ञापनों से सावधान रहे।

- फर्जी वेबसाइट और एप बनाकर होटल, टैक्सी, भ्रमण, हेलीकॉप्टर की सुविधा देने का करते हैं वादा
- अधिकृत एजेंट ओर वेबसाइट से ही कराये बुकिंग, सोशल मीडिया से रहे सावधान

पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन में साइबर अपराधों की प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

वर्तमान में केदारनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर की बुकिंग, चार धाम व तीर्थ यात्रियों के लिए गेस्ट हाउस एवं होटल बुकिंग करने के नाम से ठगों द्वारा धोखाधड़ी के विभिन्न तरीके अपनाए जा रहे हैं।

डीजी प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी वेबसाइट, भ्रामक सोश्यल मीडिया पेज, फेसबुक पोस्ट, व्हाट्सएप अकाउंट, टेलीग्राम और गूगल सर्च इंजन आदि के माध्यम से विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म पर विज्ञापनों द्वारा प्रचार कर लुभावने ऑफर दिए जा रहे हैं।

ठग चार धाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री की यात्रा करने वाले इच्छुक तीर्थयात्रियों को आने जाने के लिए हेलीकॉप्टर की बुकिंग करने, गेस्ट हाउस या होटल बुकिंग, ऑनलाइन कैब व टैक्सी बुकिंग, होलीडे पैकेज और धार्मिक पर्यटन स्थलों पर भ्रमण जैसी सेवाएं प्रदान करने का झांसा देते है।

इस संबंध में आमजन को सूचित किया जाता हैं कि ऐसे भ्रामक सोशल मीडिया पेज, फेसबुक पोस्ट, व्हाटसएप्प अकाउंट से सावधान रहें, तथा अधिकृत एजेंट/वेबसाइट द्वारा सत्यापन करने के उपरान्त ही बुकिंग करवाएं। बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी की अधिकृत वेबसाइट से ऑनलाइन तथा डीएम ऑफिस या सेक्टर मजिस्ट्रेट से ऑफलाइन टिकट्स लिये जा सकते हैं।उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार की संदिग्ध सूचना प्राप्त होने पर साइबर हेल्प लाईन नम्बर , साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या निकटतम पुलिस स्टेशन , साइबर पुलिस स्टेशन को दे।

नवचयनित आईएएस का श्रीयादे माटी कला बोर्ड ने सम्मान किया

जयपुर। श्रीयादे माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने शुक्रवार को उद्योग भवन सभागार में माटी कला समाज के नव चयनित आईएएस ज्योति कुमावत, जितेंद्र कुमावत व विशाल माहर को फूल मालाएं पहनाकर, साफा बांधकर सम्मानित किया।

इस सम्मान समारोह में उपस्थित समाज बंधुओं को संबोधित करते हुए प्रहलाद राय टाक ने कहा कि युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस जरूरत है उसे तराशने की। इसके लिए माता-पिता अपने बच्चों को सही मार्गदर्शन दें तो निसंदेह वे एक दिन देश व समाज का नाम गौरवांन्वित करेंगे। प्रहलाद राय टाक ने नवचयनित आईएएस के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

श्रीयादे माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने शुक्रवार को उद्योग भवन सभागार में माटी कला समाज के नव चयनित आईएएस ज्योति कुमावत, जितेंद्र कुमावत व विशाल माहर को फूल मालाएं पहनाकर, साफा बांधकर सम्मानित किया।

इस मौके पर आईएएस परीक्षा में 412वी रैंक की हासिल करने वाले दातारामगढ निवासी जितेंद्र कुमावत ने कहा की किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए स्वयं पर भरोसा रखें न की किस्मत के भरोसे बैठें। उन्होंने कहा पढाई में निरंतरता बेहद जरूरी है। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरूपयोग से बचने की सलाह दी। जितेंद्र ने कहा कि अच्छे होनहार स्टूडेंट्स के साथ रहकर तैयारी करेंगे तो अच्छे माहौल से आपके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने सात्विक भोजन व पर्याप्त आठ घंटे नींद लेकर फ्रेश माइंड से तैयारी करने की सलाह दी। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 433वीं रैंक हासिल कर आईएएस में चयनित ज्योति कुमावत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नामी कोचिंग संस्थानों की बजाय क्वालिटी मैटीरियल से ही स्टडी करने से सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत व आत्मविश्वास से ही बड़ी से बड़ी परीक्षा को क्रेक किया जा सकता है।

यूपीएससी में 714 वी रैंक प्राप्त कर आईएएस बने श्रीगंगानगर के विशाल माहर ने कहा कि इस परीक्षा के लिए युवाओं को सरकारी वेबसाइट्स के मैटीरियल का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अच्छे लोगों की कंपनी रखनी चाहिए जिससे आपकी पर्सनल्टी डवलप होगा और जिसका असर इंटरव्यू पर देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पढाई के दौरान व्यक्ति की मैंटल और फिजिकल हेल्थ बहुत डेमेज होती है, इसलिए अपने खान-पान पर पूरा ख्याल रखने की जरूरत है।

कार्यक्रम में पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के पुत्र दिनेश कुमावत, सीनियर आरएएस चंचल वर्मा, रिटायर जज उर्मिला राजोरिया, पाली के पीसीसी प्रभारी डा. ललित जालवाल, आरएएस खुशबु कुमावत, आईएएस ज्योति कुमावत के पिता रामकरण कुमावत, श्रीगंगानगर के भाजपा जिला मंत्री शिवप्रकाश, केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के ओएसडी चंपालाल कुमावत, आईएएस जितेंद्र के भाई रणवीर कुमावत, सुरेंद्र लांबा, मनीष कुमावत, प्रवीण वर्मा, एडवोकेट संजय आदि ने नवचयनित आईएएस का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीयादे माटी कला बोर्ड के सीईओ डॉ. राहुलराज कुमावत ने किया।

कार बेकाबू होकर कंटेनर में घुसी, कारोबारी की मौत

जयपुर। विश्वकर्मा थाना इलाके में शुक्रवार दोपहर कार बेकाबू होकर कंटेनर से टकरा गई। हादसे में एक कारोबारी की मौत हो गई। वह रिश्तेदार के घर से कार लेकर निकले थे। बिजनेसमैन की कार रोड किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से जा घुसी। एक्सीडेंट थाना (वेस्ट) पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल के मुर्दाघर भिजवाया। एएसआई रघुनंदन ने बताया कि हादसे में हरमाड़ा के गोविन्दपुरा निवासी गिर्राज जागीड़ (39) पुत्र कन्हैया लाल की मौत हो गई। उनकी विश्वकर्मा रोड नंबर-14 पर बैरिंग बनाने की फैक्ट्री है। नौ दिन पहले उनके साले की पत्नी की डेथ हो गई थी। शुक्रवार दोपहर को गिर्राज बढ़ारणा में खातियों की ढाणी में साले की पत्नी के नई के नहान में शामिल होने आए थे। दोपहर करीब 1:15 बजे वह कार लेकर घर जाने के लिए निकले थे। रिश्तेदार के घर से कुछ ही दूरी पर बढ़ारणा पुलिया पर पहुंचते ही कार बेकाबू होकर पीछे से रोड किनारे खड़े कंटेनर में जा घुसी।

रिश्वत के वायरल वीडियो के मामले में मानसरोवर थाने का एएसआई सस्पेंड

जयपुर। रिश्वत लेते वायरल वीडियो के मामले में मानसरोवर थाने के एएसआई को सस्पेंड कर दिया गया। पुलिस अब इस पूरे प्रकरण की जांच करने में जुटी है। इस संबंध में डीसीपी साउथ ने आदेश जारी किए है। इस पूरे प्रकरण की जांच एसीपी मानसरोवर को सौंपी गई है। एएसआई कैफे में रेड मामले का जांच कर रहा था।

गौरतलब है कि मानसरोवर थाने में तैनात एएसआई मदन लाल सादा वर्दी में एक व्यक्ति से रुपए लेते नजर आ रहे है। इसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस कमिश्नर ने एएसआई के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। इस विडियो में दोनों के बीच पैसे पूरे होने की बातचीत भी हो रही है। इसमें एएसआई यह पूछ रहे हैं कि पैसे तो पूरे हैं ना ।

यह पूरा मामला थाना क्षेत्र के गंगा-जमुना पेट्रोल पंप के पास चार माह पहले ही खुले कैफे का है। जानकारी के अनुसार एक कैफे संचालक को एएसआई ने कैफे के साथ हुक्का बार चलाने को कहा था। इसके बदले में 15 हजार रुपए मंथली दे देना तय हुआ और कहा गया कि तुम्हारे यहां छापा नहीं पड़ेगा, लेकिन 13 फरवरी को डीएसटी ने रेड डाल दी। इसमें संचालक अजयराज सिंह और शंभू सिंह, मैनेजर हार्दिक सिंह सहित 11 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

इसके बाद हुक्का बार बंद कर मंथली देना भी बंद कर दिया। इससे खफा एएसआई ने डीएसटी के साथ दो बार और छापे मारे, लेकिन कुछ मिला नहीं। अब 30 अप्रैल की रात 10:30 बजे तीसरी बार छापा मारा और कर्मचारी करण सिंह को उठा ले गया। उसी को छोड़ने की एवज में एएसआई को 10 हजार रुपए दिए हैं। यह वायरल विडियो भी करण सिंह को छुडाने के दौरान का ही है।